भाकृअनुप-विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा के प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र हवालबाग में "46वें कृषि विज्ञान मेले में कृषि विज्ञान केंद्र, उत्तरकाशी

भाकृअनुप-विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान , अल्मोड़ा के प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र हवालबाग में दिनांक 27 मार्च, 2023 को "46वें कृषि विज्ञान मेला, श्री अन्नः कृषक समृध्दि का आधार " का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि पद्म भूषण डा 0 राजेन्द्र सिंह परोदा, पूर्व सचिव कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार एवं महानिदेशक-भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद , नई दिल्ली रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने संस्थान द्वारा पर्वतीय कृषि पर किये जा रहे शोध कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि , संस्थान अपने शोध कार्यों हेतु बधाई का पात्र है चूँकि इसके कार्यों को स्वयं कृषकों ने प्रमाणित किया है उन्होंने कहा कि संस्थान ने कृषि विशेष रूप से पर्वतीय कृषि को आगे बढ़ाने के क्षेत्र में अद्भुत योगदान दिया है।

संस्थान के संस्थापक प्रो. बोसी सेन को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि प्रो . सेन द्वारा इस संस्थान की स्थापना पर्वतीय कृषि में एक विशेष क्रान्ति रही है। कृषि विविधीकरण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कृषि विज्ञान मेले का आयोजन पर्वतीय कृषकों के बीच नयी तकनीकों के प्रसार हेतु लाभप्रद है। पर्वतीय कृषि में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि खेत का पानी खेत में तथा हर मेड़ पर पेड़ का अनुसरण करना चाहिए। स्वयं सहायता समूह और कृषक उत्पादक संगठन बनाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इन समूहों के माध्यम से कृषि लागत में कमी के साथ ही आमदनी में वृध्दि होगी। उन्होंने कृषकों का केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ लेने हेतु आह्वाहन किया। अन्तर्राष्ट्रीय कदन्न वर्ष 2023 के मध्येनजर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषकों के उत्पादित मोटे अनाजों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जायेगा। समारोह के अध्यक्षता करते हुए नगर पालिकाध्यक्ष श्री प्रकाश चन्द्र जोशी जी ने संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की जा रही वैज्ञानिक पद्वतियों की सराहना करते हुए किसानों से आग्रह किया कि वे इन पद्धतियों का लाभ उठा कर अपनी फसल उपज को बढ़ा सकते हैं। साथ ही उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों का आह्वाहन किया कि वे जलवायु परिवर्तन के मध्येनजर तकनीकियों में बदलाव लाऐं।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र,उत्तरकाशी की ओर से श्री. सचिन सिंह पंवार एवं श्री पंकज चौहान उत्तरकाशी जिल्ले के चुने हुए कृषकों के साथ कार्यक्रम में सम्मलित हुए |

भाकृअनुप-विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा
कृषि विज्ञान मेला
HILLETS

BOSHI SEN
RESEARCH LABORATORY
VPKAS - (ICAR)
कृषक भ्रमण कार्यक्रम